प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 25.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बांसवाड़ा के नापला से देशवासियों को 1 लाख 22 हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा –"राष्ट्र प्रथम" केवल नारा नहीं, बल्कि देश प्रेम से जुड़ी भावना और विचार है।
- भारत, बांग्लादेश को 41 रनों से हराकर एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट के फ़ाइनल में पंहुचा।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बांसवाड़ा के नापला से देशवासियों को 1 लाख 22 हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें परमाणु विद्युत, अक्षय ऊर्जा, रेल, सड़क और पेयजल सहित अन्य परियोजनाएं शामिल है। प्रधानमंत्री केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह देश के सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों में से एक होगा जो विश्वसनीय आधार भार ऊर्जा की आपूर्ति करेगा और पर्यावरण संरक्षण तथा विकसित परमाणु ऊर्जा परिदृश्य में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री 19 हजार 210 करोड़ रुपये की हरित ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। वे फलौदी, जैसलमेर, जालौर, सीकर में सौर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी 13 हजार 180 करोड़ रुपये से अधिक की तीन विद्युत पारेषण परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में पीएम–कुसुम योजना के अंतर्गत 16 हजार 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन भी आज होगा। राजस्थान में 20 हजार 830 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई जल संसाधन परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन का कार्यक्रम है। श्री मोदी वर्चुअल माध्यम से तीन रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाएंगे, इनमें बीकानेर–दिल्ली कैंट तथा जोधपुर –दिल्ली कैंट के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और उदयपुर सिटी–चंडीगढ़ एक्सप्रेस शामिल हैं।
श्री मोदी वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के नवनियुक्त 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

....

कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी भी मौजूद रहेंगे। जोधपुर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहेंगे। वहीं बीकानेर में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में रोजगार उत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पाली पंहुचे। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तैयार किये जा रहे पाली रेल्वे स्टेशन का जायजा लिया। साथ ही रेल के इतिहास और निर्माण को लेकर विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेन्टिंग का अवलोकन किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि पाली और दिल्ली के बीच जल्द ही रेलगाडी चलाई जायेगी।

....

0000

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसे स्वच्छता दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान भी किया जा रहा है। 109वीं जयंती के मौके पर जयपुर के धानक्या में पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर

रोजगार सहायता शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि "राष्ट्र प्रथम" केवल नारा नहीं, बल्कि देश प्रेम से जुड़ी भावना और विचार है। वे कल जयपुर में आयोजित "विकसित भारत संकल्प सम्मेलन" के तहत "राष्ट्र प्रथम" अंतरराष्ट्रीय विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने भारत के विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान किया। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को समर्पित पुस्तक "कर्म गाथा" का लोकार्पण भी किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

000

इस वर्ष नवंबर महीने में एंड्योरेंस साइकिलिंग इवेंट–टूर–डी–थार 2025 की मेजबानी राजस्थान को सौंपी गई है।यह साइकिलिंग इवेंट 23 नवंबर को बीकानेर जिले के नोरंगदेसर में आयोजित किया जाएगा। कल नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने दैनिक जीवन में साइकिलिंग को अपनाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य ठीक रहता है और यह प्रदूषण का एक समाधान भी है। इस अवसर पर, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी साइकिलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बीकानेर में होने वाले आगामी आयोजन के लिए बढ़ता पंजीकरण लोगों की भागीदारी के प्रति रुचि को दर्शाता है।

.....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवनी पर आधारित फिल्म चलो जीते है का प्रदर्शन प्रदेश के विभिन्न सिनेमाघरों में किया जा रहा है। फिल्म दर्शकों का ध्यान खींचने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी कर रही है। भरतपुर में एक दर्शक ने फिल्म देखकर कहा कि ये फिल्म दूसरों के लिए अपनी जिंदगी जीने की प्रेरणा देती है।

.....

0000

भारत ने बांग्लादेश को 41 रनों से हराकर एशिया कप 2025 के फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सुपर–4 मुकाबले में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 168 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 127 रन ही बना पाई। आज दुबई में रात 8 बजे से एक और सुपर फ़ोर मुकाबले में बांग्लादेश का सामना पाकिस्तान से होगा। इसमें जीतने वाली टीम फाइनल मैच में भारत से मुकाबला करेगी।

0000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अगले साल होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित तिथि की घोषणा कर दी है। बोर्ड के अनुसार परीक्षाएं अगले साल 17 फरवरी से शुरू होंगी। सीबीएसई ने कहा कि ये तिथियां अस्थायी हैं और स्कूलों द्वारा उम्मीदवारों की अंतिम सूची जमा करने के बाद अंतिम तिथियां जारी की जाएँगी।

0000